POSHAN Abhiyaan
हर घर पोषण त्योहार
1 से 30 सितंबर, 2019
हमारा संकल्प : कुपोषण मुक्त झारखण्ड
पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण स्तर पर
सभी कार्यकर्ता/संस्थाएं एकजुट होकर कुपोषण मुक्त
स्वस्थ और मजबूत झारखण्ड का निर्माण करें
महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 215952 (Social Welfare Women and Chind Development) 19-20

एक नजर में

मांडर में कुएं में डूबकर बच्चे की मौत

मांडर : थाना क्षेत्र के तिगोई अंबाटोली गांव में रविवार को एक कुएं में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे शकलदीप गोप की मौत हो गई। गांव वाले तत्काल कुएं से बच्चे को निकालकर आनन-फानन में मांडर रेफरल अस्पताल लेकर गए, पर इससे पूर्व बच्चे की मौत हो गई। बताया जाता है कि तिगोई अंबाटोली गांव के रहनेवाले गंगा उर्फ मेनका गोप का बेटे शकलदीप गोप रविवार को स्कूल का अवकाश रहने के कारण बैल चराने खेत की ओर चला गया था। वहीं, अन्य बच्चों के साथ एक कुएं में नहाने लगा। इसी क्रम में वह कुएं में डूबने से उनकी मौत हो गई। वे गांव के ही सरकारी स्कूल की पांचवीं क्लास का छात्र था। बच्चे की मौत के बाद गांव में शोक की लहर पसर गया। बच्चे के मां-बाप व परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। (संसू)

इंद मेला को समिति का गठन

पिठोरिया : सुतियांबेगढ़ इंद मेला को लेकर पड़हा समिति की बैठक रंजीत टोप्पो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति का गठन किया गया। इसमें संरक्षक पेपला उरांव, अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, भादीप्रकाश उरांव, सोहराई टोप्पो, सोमा उरांव, रामू उरांव, फ्रांसिस लिंडा, अरविंद पाहन, सीताराम मुंडा, सहरू मुंडा, सूरज मुंडा, रघुनाथ, चंचल, बिरसा, भवानी, महाबीर, सुरेश, तीरथनाथ, मोहन, सुनीता देवी, संगीता देवी, राधा देवी, जफर अंसारी, मजीद अंसारी सहित 21 सदस्यों का चुनाव किया गया। साथ ही 10 सितंबर को करमा पूजा एवं 12 सितंबर को इंद मेला मनाने का निर्णय लिया गया। (संसू)

जल उपभोक्ता समिति गठित

अनगड़ा : जल उपभोक्ता समिति गेतलसूद का गठन रविवार को किया गया। समिति गठन को लेकर सदस्यों की हुई बैठक की अध्यक्षता जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने की। सर्वसम्मति से रूपेश्वरी देवी को समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सरला देवी सचिव व संगीता देवी कोषाध्यक्ष बनीं। इस मौके पर जैलेन्द्र ने कहा किए हर परिवार को पेयजल आपूर्ति समय पर हो ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। नवगठित समिति के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप शंकर बैठा, बिनोद चौधरी व गया प्रसाद आदि उपस्थित थे। (संसू)

दुर्गापूजा समिति का गठन

ठाकुरगांव : बुढ़मू प्रखंड के भांट बोड़ेया में रविवार को ग्रामीणों की बैठक कौशल किशोर साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मां शारदीय दुर्गापूजा समिति भांट बोड़ेया कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव कलेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष जयकुमार साहू, संरक्षक जनार्दन साहू, रामप्रवेश साहू, चंद्रकांत गिरि, सुभाष पुरी एवं कैलाश पांडेय के अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। (संसू)

धूमधाम से मनेगा शिक्षक दिवस

अड़की : सिंदरी क्लब के तत्वावधान में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर आगामी पांच सितंबर को हाईस्कूल प्रांगण में शिक्षक दिवस के अवसर पर 21वें राज्यस्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिभावान सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। (संसू)

समरसेबल पंप चोरी

अनगड़ा : गेतलसूद स्थित जलमीनार का समरसेबल गत शनिवार की रात चोरी हो गया। इससे गेतलसूद में पेयजल जलापूर्ति ठप हो गई। इस मामले में अनगड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। (संसू)

टैंकर से चोरी की जा रही थी स्प्रिट, जब्त

रांची-टाटा एनएच पर ब्यांगडीह जुडी बांस के समीप की घटना

- दो संदिग्ध लोगों से पुलिस कर रही है पूछताछ
- दो टैंकर, डेढ़ गैलन स्प्रिट और मोटर पंप जब्त

जब्त स्प्रिट को ले जाती पुलिस ● जागरण

संवाद सूत्र, नामकुम : रांची-टाटा एनएच 33 के ब्यांगडीह जुडी बांस के समीप स्थित जंगल जाने वाले रास्ते से टैंकर से स्प्रिट चोरी करते दो टैंकर (यूपी 15 डीटी 7911 व यूपी 15 डीटी 7731) को नामकुम पुलिस ने शनिवार को जब्त किया। वहीं टैंकर के पास लगभग डेढ़ दर्जन गैलन में रखी स्प्रिट और मोटर पंप भी जब्त की गई। हालांकि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। स्प्रिट चोरी करने वाले पुलिस वाहन को आता देख जंगल की ओर फरार हो गए।

छानबीन के क्रम में पुलिस ने जंगल में घूमते दो लोगों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग पांच बजे गश्त पर निकली पुलिस टीम ने रांची-टाटा मुख्य सड़क के ब्यांगडीह में सड़क से दो सौ मीटर दूर जंगल जाने वाले रास्ते में टैंकर खड़ा देखा। पुलिस छानबीन करने जंगल की ओर गई तो पुलिस को देखते ही टैंकर के चालक व अन्य जंगल की ओर भाग निकले। मौके पर पुलिस ने देखा कि दो टैंकर खड़े थे, जिसमें से एक टैंकर जमीन में फंसा हुआ था। पास में लगभग डेढ़ दर्जन गैलन में स्प्रिट और डीजल मोटर पंप रखा था। थाना प्रभारी ने बताया कि छानबीन के क्रम में जंगल से दो लोगो को पकड़ा गया, जो खुद को तमाड़ मारंगहादा के रहने वाले बता रहे हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि टैंकर के मालिक और चालक का पता किया जा रहा है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही पूर्व में स्प्रिट के अवैध धंधे में जुड़े स्थानीय व बाहरी लोगों की भी संलिप्तता की जां च की जा रही है। पुलिस ने बताया की पूर्व में भी कुछ स्थानीय लोगों को पुलिस ने जेल भेजा था।

3000 लोगों को मिला गोल्डेन कार्ड

संसू, कांके : बीडीओ ज्ञान शकंर जायसवाल के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लाल कार्ड व अंत्योदय कार्ड राशनधारकों को आयुष्मान गोल्डेन कार्ड दिये गए। ज्ञात हो कि लाल कार्ड, अंत्योदय कार्ड राशन कार्ड, गरीब छूटे हुए लोगों का राज्य सरकार के आदेश पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी होना है। दो दिनी अभियान के पहले दिन प्रखंड के 3000 राशन कार्ड धारको को गोल्डेन कार्ड दिया गया। बाकी बचे हुए प्रखंड के सभी राशनकार्ड धारकों को दूसरे दिन गोल्डन कार्ड दे दिया जाएगा। इस अभियान में प्रखंड के सभी राशन डीलर, प्रज्ञा केन्द्र संचालक, जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि, आयुष मित्र विशेष रूप से शामिल थे।

डिवाइडर से टकराई कार, लगी आग

जागरण संवाददाता, रामगढ़/ ओरमांझी : नेशनल हाइवे-33 के चुटूपालू घाटी में रविवार की शाम रांची की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा टाटा सूमो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। सूमो के पलटते ही जोरदार आवाज हुई, फिर आग लग गई। सूमो के पलटते ही कार सवार दो युवकों ने घायलावस्था में किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद दोनों युवक वहां से भाग गए। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ व ओरमांझी पुलिस घाटी पहुंची। आग लगे वाहन से किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका को लेकर कुछ देर के लिए पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया। सफेद टाटा सुमो ग्रांडे कार देखते ही देखते आग में जलकर स्वाहा हो गया। बाद में रामगढ़ से पहुंचे दमकल ने आग पर काबू पाया। पुलिस गाड़ी और गाड़ी चालकों के बारे में पता लगा रही है।

रामगढ़ की चुटूपालू घाटी में धू-धूकर जलती कार ● जागरण

रविवार को स्कूल खोले जाने का किया विरोध

स्कूल खोलने का विरोध करते ग्रामीण ● जागरण

संवाद सूत्र, अनगड़ा : रविवार के दिन बच्चों को स्कूल बुलाकर छुट्टी रद किए जाने की कवायद का ग्रामीणों ने विरोध किया है। गेतलसूद मध्य विद्यालय में ऐसा ही रविवार को हुआ। शनिवार को स्कूल के शिक्षकों ने सभी बच्चों से रविवार को स्कूल आने को कहा। स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर रविवार को स्कूल खोले जाने का जिला शिक्षा अधीक्षक ने पत्र जारी किया था। इसके बाद शनिवार की शाम अचानक स्कूल खोले जाने के फैसले को रद कर दिया गया। इधर, काफी संख्या में बच्चे सुबह स्कूल पहुंचे गए। जानकारी मिलते ही जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार गेतलसूद स्कूल पहुंचे। शिक्षकों की जमकर क्लास ली। कहा कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना निर्णय से बच्चों सहित अभिभावकों को काफी परेशानी होती है। इधर, स्कूल पहुंचे बच्चों को प्रार्थना कराकर छुट्टी दे दी गयी। मौके पर भोला महतो, शंकर बैठा, मंतोष महतो, राजेश लोहरा, मुन्ना नायक, संजय भारती, विक्रम बैठा, बिनोद चौधरी, वासुदेव गोस्वामी, दिनेश नायक आदि उपस्थित थे।

विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का किया आह्वान

संवाद सूत्र, अनगड़ा : भाजपा अनगड़ा मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को गोंदलीपोखर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की और संचालन उमेश बडाईक व सीताराम महतो ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. आदित्य साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की रघुवर सरकार के विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने देश की आत्मा किसानों को सम्मान देने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। इस अवसर पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बैठक में किसान मोर्चा के महामंत्री मनोज कुमार चौधरी, अजय कुमार महतो, मुश्ताक खान, डॉ. रिझू नायक, रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी आदि थे।

ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

संसू, बेड़ो : थाना क्षेत्र के ईटाचिल्द्री पूरनापानी के पास रांची-गुमला मुख्य मार्ग में रविवार को लगभग सवा सात बजे रात्रि में एक बाइक सवार ने खराब खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश उरांव पिता स्व. सोमरा उरांव मठ तुरीयंबा थाना भरनो जिला गुमला के रूप में हुई है। बताया जाता है हथडोभा के पास सड़क पर खराब हुए ट्रक नंबर सीजी04एमई-2388 खड़ा थी। अंधेरे होने के कारण बजाज प्लेटिना बाइक नंबर जेएच01एस-4825 पर सवार राजेश उरांव पीछे से टकरा गया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही ईटा पंचायत के मुखिया बुधराम बाड़ा घटनास्थल पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी।

राहे में भालू के हमले में महिला घायल

संसू, राहे : राहे प्रखंड के खोपड़ीकोचा गांव में रविवार की सुबह जंगली भालू ने एक महिला को हमला कर घायल कर दिया। 50 वर्षीया महिला बेजो देवी अपने काम को लेकर घर से सामने ही झाड़ियों में गई थी। अचानक भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला को अपने स्तर से पंचायत समिति सदस्य सुभाष महतो ने इलाज के लिए रिम्स भेजा और वन विभाग से मुआवजा की मांग की।

धर्म हमें अच्छाई का मार्ग बताता है : सुदेश महतो

मसीही समाज के लोगों की समस्या सुनते सुदेश महतो ● जागरण

बरवादाग के तोड़ांग में निर्माधीन संत मार्क चर्च में आयोजित कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो ने की शिरकत, किया गया स्वागत

संवाद सूत्र, अनगड़ा : पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो रविवार को बरवादाग के तोड़ांग में निर्माणाधीन संत मार्क चर्च में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। चर्च पहुंचने पर सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया।

मसीही समाज के लोगों ने सुदेश महतो द्वारा लगातार जनहित में किये जा रहे कार्यो की सराहना की। कहा कि सुदेश महतो ने राजनीतिक कौशल से समाज को एकसूत्र में बांध रखा है। समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। मौके पर मसीही समाज के लोगों ने सुदेश महतो को अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसपर सुदेश ने कहा कि आपकी समस्या हमारी समस्या है और इनके निराकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। धर्म हमें अच्छाई का मार्ग बताता है, सेवा भाव जगाता है। समाज के सभी लोगों व सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव संजय सिद्धार्थ, झारखण्ड आंदोलनकारी कृष्णा महतो, पंचायत समिति सदस्य जुलयानी लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष शंकर बेदिया, अमर सिंह मुंडा, सीताराम साहू, शंकर मुंडा, सूरज साहू, नरेश बेदिया, छुटुलाल बेदिया, माइकल तिर्की, विजय उरांव, सूरज लकड़ा व बबलू अंसारी आदि मौजूद थे।

जीएम लैंड पर कब्जे का किया विरोध

संवाद सूत्र, नामकुम : प्रखंड अंतर्गत बडाम पंचायत में गैर मजरूआ जमीन पर दलालों द्वारा कब्जा करने के विरोध में रविवार को पंचायत के ग्रामीण एकजुट हो गए।

ग्रामीणों ने बताया कि बडाम पंचायत के रिंग रोड के समीप गैर मजरूआ जमीन है, जिस पर स्थानीय और बाहरी जमीन दलाल हावी हैं। जमीन दलाल जीएम लैंड पर कब्जा करने में लगें हैं। रविवार को भी उक्त जमीन पर कुछ जमीन दलाल कब्जा करने के इरादे से जुटे हुए थे। जानकारी मिलने पर ग्रामीण एकजुट हुए और उनका विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि जब हमने जीएम लैंड होने की बात कही तो जमीन कारोबारी उन्हें ही धमकी देने लगे।

दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

फैसला

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने सुनाई सजा
- दस हजार रुपये जुर्माना अदा करने का भी अदालत ने दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, खूंटी : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित गोविंदपुर निवासी अमन खान को अलग-अलग धारा में दस वर्ष सश्रम कारावास और दस हजार रुपये जुर्माना की सुनवाई की है। अमन खान पर लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने और फिर जान से मारने का आरोप है। यह जानकारी अपर लोक अभियोजक पीके मंडल ने दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में कर्रा थानांतर्गत गोविंपुर निवासी अमन खान उर्फ छोटका ने जान से मारने की धमकी देकर एक लड़की का अपहरण किया था। वह उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर हजारीबाग ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। चार-पांच दिन हजारीबाग में रहने के बाद लड़की किसी तरह खान के चंगुल से मुक्त हुई और रामगढ़ पहुंचकर अपने पिता को फोन पर सारी जानकारी दी। सूचना पाते ही परिजन उसे रामगढ़ बस स्टैंड से खूंटी ले आए। उन्होंने बताया कि लड़की के बयान पर अपहरण, जान से मारने की धमकी एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। मामले में नौ लोगों की गवाही हुई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार की अदालत में मामले की सुनवाई करते हुए शनिवार को अमन खान उर्फ छोटका को भादंवि की धारा 366, 376, 323, 506 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई।

कुख्यात अपराधी समीउल्लाह हथियार के साथ गिरफ्तार

संवाद सूत्र, मांडर : मांडर थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह ने कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले कुख्यात अपराधी समीउल्लाह खान उर्फ समी को एक लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

समीउल्लाह बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकापी गांव का रहने वाला है। उस पर फाइनेंस कर्मी व व्यापारियों से लूटपाट करने सहित मांडर, बेड़ो, नरकोपी व लोहरदगा जिले के कैरो थाना में अलग-अलग मामले दर्ज हैं। शातिर अपराधी समीउल्लाह घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो जाता था। बलात्कार व डकैती करने के मामले में वह 2015-16 में जेल जा चुका है। पुलिस लंबे अरसे से उसकी तलाश कर रही थी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधी समीउल्लाह को मांडर के बिसहा खटंगा गांव के निकट देखा गया है। इसके बाद थाना प्रभारी ने सशस्त्र बल के साथ बिसहा खटंगा व पचपदा गांव के बीच स्थित पुल के निकट उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्तौल बरामद की गई।

समाचार सार

ठाकुरगांव पंचायत में लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन वितरित

संसू, बुढ़मू : प्रखंड के ठाकुरगांव पंचायत सचिवालय में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर उज्ज्वला के लाभुकों के बीच गैस सिलिंडर व चूल्हे का वितरण किया गया। मीणा गैस एजेंसी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ. जितूचरण राम शामिल हुए। लाभुकों के बीच गैस सिलिंडर व चूल्हे का वितरण करते हुए विधायक ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करोने को प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में उज्ज्वला के माध्यम से गांव के लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए सिलिंडर व चूल्हा दिया जा रहा है ताकि चूल्हे के धुएं से निजात मिले और सेहत के साथ प्रकृति का भी संरक्षण हो।

इलाज के लिए मदद की गुहार

संवाद सूत्र, कांके : नीरजा सहाय डीएवी के दसवीं का छात्र अनीश कुमार मौत से जंग लड़ रहा है। कांके रोड निवासी अनीश कुमार 9 अगस्त को स्कूल जाने के लिए घर के बाथरुम मे नहाने गया था, जहां वह फिसलकर गिर गया था। उसके सिर के पिछले हिस्से में खून जम गया और वह कोमा में चला गया। उसके पिता ने इलाज के लिए मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है।

चुनाव की तैयारी में जुट जाएं

ÀFÔ½FFQÀFiÀF,³FF ¸FI„Y ¸Fजदयू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सह प्रभारी अरुण कुमार सिंह, प्रदेश कमेटी के कृष्णानंद मिश्रा, भगवान सिंह और संजय सिंह शामिल हुए। अरुण कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रांची आगमन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

पूर्व सांसद ने किया पुस्तकालय सह परामर्श केंद्र का उद्घाटन

संवाद सूत्र, सिकिदिरी : शहीद शेख भिखारी के पैतृक गांव खुदीया स्थित मरकजी-उल-मदारिस जामिया शहीद शेख भिखारी मदरसा में रविवार को पुस्तकालय सह परामर्ष केंद्र का उदघाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार से राज्यसभा के पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी व पूर्व रांची सांसद रामटहल चौधरी ने किया। पुस्तकालय को राज्यसभा सांसद अली अनवर अंसारी के सांसद कोष से से बनवाया गया है। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि शहीद के जिस गांव को दर्शनीय स्थल होना चाहिए वहां शहीद की मजार तक पहुंचने का रास्ता तय नहीं है। उनके वंशज आज उपेक्षित हैं।

शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन

संसू, इटकी : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक जीएमएस जरिया के प्रधानाध्यापक सह निकासी पदाधिकारी रविंद्र नाथ तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। शक्षकों की प्रोन्नति, स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ तथा आरएसएम के सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई।

पंसस के पिता का निधन

संसू, ओरमांझी : हेंदेबिल्ली पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर बेदिया के पिता सोहन बेदिया 67 वर्ष का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के कारीझरना मुक्तिधाम में किया गया। प्रमुख बुधराम बेदिया, उपप्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, मुखिया रामधन बेदिया आदि अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

पहल आर्ट ऑफ लिविंग ने जल शक्ति अभियान में जिला प्रशासन को शुरू किया सहयोग

सामुदायिक हैंडपंपों में शॉकपिट का निर्माण शुरू

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने लोगों को जल संरक्षण का संदेश देकर किया जागरूक

हेसलपीड़ी में शॉकपिट का उद्घाटन करते विधायक ● जागरण

संसू, बुढ़मू : आर्ट ऑफ लिविंग ने जिला प्रशासन से हाथ मिलाते हुए जल शक्ति अभियान में सहयोग की शुरुआत की है। अभियान की शुरुआत रविवार को हेसलपीरी पंचायत के मिडिल स्कूल में नुक्कड़ नाटक व जल संरक्षण अभियान की कार्यशाला के रूप में की गयी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ. जितूचरण राम व बीडीओ संजीव कुमार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने जल है तो कल है का नारा बुलंद करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से प्रखंड के चार गांवों में 16 सामुदायिक हैंडपंपों में शॉकपिट के निर्माण का भी शुभारंभ किया। वहीं संस्था के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कहा गया कि आज तेजी के साथ जल संकट गहराता जा रहा है। हमें जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगाद्ध इसके लिए सबसे बेहतर है कि पौधारोपण किया जाए। मौके पर बीपीओ मो. इम्तियाज, परियोजना निदेशक बीके सिन्हा, करुणा मल्होत्रा, गजमति सिंह व रितम आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर उपायुक्त राय महिपातरे ने आर्ट ऑफ लिविंग के उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्था के प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ जागरण जल शक्ति अभियान को आगे बढ़ाने में संस्था सराहनीय योगदान दे रही है। जिन प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया उनमें अनुकृति, संगीता, श्रेया, गजमति, रितम, प्रियंका, कल्पना व पुष्पलता आदि शामिल हैं।

उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी
रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, भोपाल-462003
ध्रुपद केन्द्र, भोपाल
(संस्कृति विभाग द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत 1981 में स्थापित)
गुरु का चयन

आवश्यक अर्हताएँ
- गुरु-शिष्य परंपरा में ध्रुपद गायन का 20 वर्ष का अभ्यास एवं 5 वर्ष के प्रशिक्षण कार्य का अनुभव।
- ध्रुपद गायन की किसी घरानेदार गायिकी से संबंधित परंपरा का दीर्घकालीन अनुभव।
- राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतियाँ तथा सम्मान/ पुरस्कार आदि उपलब्धियाँ।
- आयु न्यूनतम 45 वर्ष।

आवश्यक विवरण
- मनोनयन पूर्णतः अस्थाई एवं श्रेष्ठता के आधार पर होगा।
- निश्चित मानदेय रुपए 37500/-मासिक प्रदान किया जाएगा।
- आवास सुविधा नियमानुसार।
- आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2019 (कार्यालयीन समय) है।
- पूर्ण जानकारी एवं प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा अंतिम तिथि तक प्राप्ति पर ही स्वीकार्य होंगे।

पत्र व्यवहार का पता
निदेशक, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी
रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, भोपाल-462003
फोन : 09826294486, ई-मेल : uakska@yahoo.com
जी-16033/19

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
web : www.ircon.org, CIN-L45203DL1976GOI008171
ई-क्रय सूचना
ई-निविदा सं०: इरकॉन/2066/आरटीआर/पटना/निविदा/03-2019 दिनांक: 31.08.2019
कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 84,63,600/-
ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 23.09.2019 के 15.00 बजे तक
विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिए वेबसाइट http://www.etenders.gov.in/eprocure/app देखें।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LIMITED
(A Government of India Enterprise)
Office of LPG SBU, East Zone
Purbanchal Bhavan 2nd Floor, 771 Anandapur, Near E M Bye Pass, Kolkata - 700 107
गैर घरेलू एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु सूचना
www.hindustanpetroleum.com
#GiveItUp